प्रो0 अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/5980 दिनांकः 07 जुलाई, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्रचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित अखिल भारतीय शिक्षा परिषद से अनुमोदित बी0टेक0 विधा के ऑडिट कोर्स KNC (301/302, 401/402) विषयों के कैरी ओवर सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत् कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित अखिल भारतीय शिक्षा परिषद से अनुमोदित बी0टेक0 विधा के ऑडिट कोर्स KNC (301/302, 401/402) के आतंरिक विषयों की परीक्षा आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा सम्पन्न कराई जाती है। इन विषयों में छात्र के अनुत्तीण होने पर उसको पुनः आई0आई0टी0, कानपुर में पंजीकरण करवाकर सशुल्क उक्त विषयों की आतंरिक परीक्षा का असाइन्मेन्ट जमा करना पड़ता है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा छात्रहित के दृष्टिगत लिये गये निर्णायानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थानों में संचालित अखिल भारतीय शिक्षा परिषद से अनुमोदित बी0टेक0 विधा के ऑडिट कोर्स KNC (301/302, 401/402) के आतंरिक विषयों के कैरी ओवर के आतंरिक अंकों को क्लास टेस्ट एवं असाइन्मेन्ट के आधार पर सम्बन्धित संस्थान से प्राप्त किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
Anurag Tripathi 07/07/22
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक